भारत सरकार
संचार मंत्रालय
डाक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1766
उत्तर देने की तारीख 29 जुलाई, 2026

बिहार में नए डाकघर

1766. श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान बिहार राज्य में नए डाकघर खोलने के संबंध में कोई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, अथवा इस संबंध में कोई आकलन किया गया है;

(ख) यदि हां, तो नए स्वीकृत, खोले गए तथा अनुमोदन हेतु लंबित डाकघरों का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) बिहार में वर्तमान में कितने डाकघर, उप-डाकघर और ग्रामीण डाकघर कार्यरत हैं;

(घ) डाक विभाग को सुदृढ़ और आधुनिक बनाने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए जा रहे हैं; और

(ङ) बिहार के डाकघरों में वर्तमान रिक्तियों का श्रेणी-वार ब्यौरा क्या है तथा उक्त रिक्तियों को कब तक भरे जाने की संभावना है?

उत्तर

संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) और (ख) जी, हां। नए स्वीकृत, खोले गए तथा अनुमोदन हेतु लंबित डाकघरों का जिला-वार ब्यौरा **अनुबंध - I** के रूप में संलग्न है।

(ग) दिनांक 31.03.2026 की स्थिति के अनुसार, बिहार में 33 प्रधान डाकघर, 1045 उप डाकघर और 8289 शाखा/ग्रामीण डाकघर कार्यरत हैं।

(घ) डाक विभाग को सुदृढ़ और आधुनिक बनाने के लिए निम्नलिखित उपाय किए जा रहे हैं ;

i) आईटी आधुनिकीकरण (आईटी 2.0) : एकीकृत, कागज रहित और नागरिक-केंद्रित डाक सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए उन्नत ई-ऑफिस, डिजिटल वित्तीय सेवाएं और बेहतर ग्राहक इंटरफेस सहित उन्नत डिजिटल प्लेटफोर्म का कार्यान्वयन।

ii) डाक बैंकिंग सेवाओं का विस्तार : इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) को सुदृढ़ करना और आधार आधारित भुगतान प्रणाली, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) और डोरस्टेप बैंकिंग सेवाओं का एकीकरण।

iii) अवसंरचना का विकास : "ग्रामीण व्यवसाय और डाक नेटवर्क तक पहुंच" योजना के तहत, ग्रामीण शाखा डाकघरों को अवसंरचना उपलब्ध कराने, पत्र-पेटी लगाने, साइनबोर्ड लगाने और कैश चेस्ट स्थापित करने के लिए निधि आबंटित की गई है।

iv) सेवाओं की बेहतर विजिबिलिटि और कुशल डिलिवरी के लिए शाखा डाकघरों को ग्राम पंचायत भवनों/अन्य सरकारी भवनों में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया चल रही है। वर्तमान स्थिति के अनुसार लगभग 1400 शाखा डाकघरों को स्थानांतरित किया जा चुका है।

v) मेल नेटवर्क ऑप्टीमाइजेशन : अर्ध-स्वचालित मेल प्रोसेसिंग केंद्रों, डिलीवरी केंद्रों (डीसी), मार्ग अनुकूलन और बेहतर लॉजिस्टिक्स के माध्यम से मेल प्रचालन का युक्तिकरण और आधुनिकीकरण।

(ङ) बिहार के डाकघरों में श्रेणीवार रिक्तियों का विवरण **अनुबंध - II** में दिया गया है। दिनांक 11.08.2022 के भर्ती नियमों और मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार उपरोक्त रिक्तियों को भरने की प्रक्रिया जारी है। इसके अतिरिक्त, जीडीएस संवर्ग की रिक्तियों को, विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्धारित भर्ती नियमों और दिशानिर्देशों के अनुसार, भरा जाता है। यह एक सतत प्रक्रिया है और यह चयन प्रक्रिया ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से संपन्न की जाती है।

****

अनुबंध – I

"बिहार में नए डाकघर" विषय के संबंध में दिनांक 29 जुलाई, 2026 के लोक सभा के अतारांकित प्रश्न सं. 1766 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध-I

वित्तीय वर्ष 2023-24				**वित्तीय वर्ष 2024-25**				**वित्तीय वर्ष 2025-26**				**चालू वित्तीय वर्ष (01.04.2026 की स्थिति के अनुसार**			
जिला	संस्वीकृत डाकघर	खोले गए डाकघर	अनुमोदन हेतु लंबित	जिला	संस्वीकृत डाकघर	खोले गए डाकघर	अनुमोदन हेतु लंबित	जिला	संस्वीकृत डाकघर	खोले गए डाकघर	अनुमोदन हेतु लंबित	जिला	संस्वीकृत डाकघर	खोले गए डाकघर	अनुमोदन हेतु लंबित
रोहतास	10	10	0	नवादा	7	7	0	कैमूर	5	5	0	शून्य	0	0	0
कैमूर	12	12	0	पटना	3	2	1	बांका	2	2	0				
नवादा	2	2	0	जहानाबाद	2	2	0	पूर्वी चंपारण	1	1	0				
औरंगाबाद	1	1	0	किशनगंज	3	3	0	पश्चिमी चंपारण	4	4	0				
पश्चिमी चंपारण	2	2	0	भागलपुर	1	1	0	गया	2	2	0				
लखीसराय	2	2	0	बेगूसराय	1	1	0	सहरसा	1	1	0				
मुंगेर	1	1	0	वैशाली	1	1	0	किशनगंज	1	1	0				
गया	4	4	0	भोजपुर	1	1	0	शेखपुरा	1	1	0				
पूर्णिया	1	1	0												
किशनगंज	1	1	0												
सहरसा	1	1	0												
पटना	1	1	0												
भोजपुर	1	1	0												
वैशाली	1	1	0												
कुल	**40**	**40**	**0**	**कुल**	**19**	**18**	**1**	**कुल**	**17**	**17**	**0**	**कुल**	**0**	**0**	**0**

अनुबंध - II

"बिहार में नए डाकघर" विषय के संबंध में दिनांक 29 जुलाई, 2026 के लोक सभा के अतारांकित प्रश्न सं. 1766 के भाग (ङ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

वर्ष 2026 के लिए रिक्तियां								
भर्ती नियमों (आर.आर.) के अनुसार, कुल रिक्तियों का 60 % सीधी भर्ती कोटा के लिए है								
पद का नाम	**यूआर**	**ईडब्ल्यूएस**	**ओबीसी**	**एससी**	**एसटी**	**अनुकंपा नियुक्ति**	**खेल**	**कुल**
डाक सहायक	22	3	13	8	4	3	3	56
छंटाई सहायक	3	0	2	1	1	0	0	7

भर्ती नियम (आर.आर.) के अनुसार, कुल रिक्तियों का 40 % एलडीसीई कोटा के लिए है				
पद का नाम	**यूआर**	**एससी**	**एसटी**	**कुल**
डाक सहायक	29	5	4	38
छंटाई सहायक	4	1	0	5

वर्ष 2026 के लिए रिक्तियां	**यूआर**	**ईडब्ल्यूएस**	**ओबीसी**	**एससी**	**एसटी**	**कुल**
डाकिया	49	6	11	10	9	85
मेल गार्ड	3	1	2	1	1	8
एमटीएस	76	10	27	20	8	141

22.07.2026 की स्थिति के अनुसार जीडीएस संवर्ग की श्रेणी-वार रिक्तियां						
यूआर	**ईडब्ल्यूएस**	**ओबीसी**	**एससी**	**एसटी**	**पीएच**	**कुल**
849	157	521	254	100	39	1920